## एक नजर में

### पेट्स को दिन में दो बार का फूड ही पर्याप्त



**इंदौर.** ह्यूमन कार्डियोलॉजी जहां सौ साल से अधिक पुराना विज्ञान है, वहीं वेटेनरी कार्डियोलॉजी अपेक्षाकृत नया क्षेत्र है और इसे विकसित हुए करीब 25 साल हुए हैं। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में इसमें तेजी से तकनीकी प्रगति हुई है। अब हार्ट अल्ट्रासाउंड, चेस्ट एक्स-रे और ब्लड टेस्ट के जरिए पेट्स में हृदय संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान संभव हो गई है. 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान हैदराबाद से आई वेटेनरी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ रंजिता तिवारी ने बताया कि लगभग हर पेट उम्र बढ़ने के साथ किसी न किसी रूप में हार्ट पेशेंट बन सकता है, इसलिए पेट पेरेंट्स को जागरूक होना जरूरी है. खानपान को लेकर उन्होंने सलाह दी कि डॉग्स को दिन में दो बार तय समय पर केवल डॉग फूड दिया जाए और इसके अलावा सिर्फ पानी ही दिया जाए, इससे वे लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं. डॉग्स की पांच साल की उम्र में एक बार सभी जरूरी जांच जरूर करानी चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचा जा सके. कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान ने बताया कि ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. अंतिम दिन सोमवार को ऑय और एब्डोमन जनरल सर्जरी का डेमोस्ट्रेशन भी आयोजित होगा. वाईस प्रेसिडेंट डॉ पदम जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह नेचर फ्रेंडली और इको फ्रेंडली बनाने की कोशिश की गई है. सभी डेलिगेट्स को कपड़े के बैग दिए गए. इसके साथ ही जो ब्रोशर वितरित किए गए, उनके कागज में बीज छुपे हुए हैं.

### सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक




**इंदौर.** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक में भारतीय संविधान- जैसा मैंने समझा और विवाह के बदलते प्रतिमान पर चर्चा की गई. आयोजक माधुरी निगम ने संविधान के लोकतान्त्रिक स्वरूप पर विचार रखे. वक्ताओं ने संविधानिक प्रावधानों का पालन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और विवाह के बदलते स्वरूप पर चर्चा की. करुणा प्रजापति ने बेहतर समाज के निर्माण के लिए संविधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन और आत्ममंथन जरुरी बताया. डॉ. अर्चना त्रिवेदी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के परिप्रेक्ष्य में डिजिटल मीडिया में अमर्यादित और हिंसात्मक बोल की समस्या बताई. महिमा शुक्ला ने संविधान के स्वरुप, सरकार में % शक्ति संतुलन% और संशोधन प्रक्रिया पर बात की. मृदुला शर्मा ने पुनः एक बड़े आंदोलन की जरूरत बताई जिससे पीड़ित को समय पर और सही न्यायिक राहत मिल सके. अमिता मराठे ने संविधान को जनहित का सुरक्षा कवच बताया। गायत्री शर्मा ने विवाह संस्कार के बदले स्वरूप में बढ़ते अनावश्यक खर्च, महंगे आयोजन और दबाव पर बात की. आशा मुंशी ने अंतर्धार्मिक और अंतरजातीय विवाहों की समस्याएं रेखांकित कीं. निर्मला बागोरा, संतोषी यदुवंशी, कृष्णा जोशी और कविता मेहता ने पारिवारिक व्यवस्था, नैतिकता और असुरक्षित विवाह सम्बन्ध पर चर्चा की. अर्चना पंडित, वंदना मिश्रा, समिधा शुक्ला, कविता चौहान, संगीता चौहान, जयश्री शर्मा और वंदना शर्मा ने मधुर स्वर में जगजीत सिंह, गुलज़ार, दुष्यन्त कुमार की गज़लें प्रस्तुत कीं. आभार गायत्री शर्मा ने प्रकट किया.

### मानव सेवा सहायता दिवस के रूप में साधारण सभा



**इंदौर.** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा जाल सभागृह इंदौर पर मानव सेवा सहायता दिवस व महातंबोला के रूप में आयोजित की गई. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। मानव सेवा के रूप में राजशान्ति आशियाना में रसोईघर के निमार्ण हेतु एवं सेवा भारती इंदौर व नारायण सेवा संस्थान उदयपुर को आपरेशन हेतु सहायतार्थ राशी प्रदान की. आगे भी ग्रुप द्वारा निरंतर मानव सेवा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जावेगा. मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 7 शिविर आयोजित किये गये जिसमें 2750 मरीजों का परिक्षण किया. 190 आपरेशन हुए एवं 2210 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया, साथ ही निराश्रित आश्रम में सभी के लिये वस्त्र और अनाज का वितरण ग्रुप द्वारा किया गया. ग्रुप के सदस्यों की परिचय पुस्तिका रत्न वाटिका का विमोचन समाजसेवी कांतिलालजी बम द्वारा किया गया. ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व अध्यक्ष विजयसिंह नाहर का 90 वे जन्मदिन पर अभिनंदन किया गया. सभा में गोपीलाल सामोता, भंवरलालजी कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेन्द्रकुमारजी मारू, सुरेशचंद जैन अशोक सोजतिया, श्रेनिक तांतेड, जिनेन्द्रकुमार पारख, महेशजी डाकोलिया गिरीशजी बाफना आदि सदस्य उपस्थित थे. संचालन सचिव किरण संचेती ने किया. आभार अरविन्द चौधरी ने माना.

### मधुमेह व मोटापे से मुक्ति शिविर में 560 लोगों की जांच



**इंदौर.** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में शनिवार को एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित छठें स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर में पहले दिन 560 समाज बंधुओं ने अपनी सभी प्रकार की 32 जांचें कराईं और 12 यूनिट रक्त का संग्रह भी किया गया. क्षेत्र के समाज बंधुओं की ओर से समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, सीतादेवी गोयल एवं गोपाल गोयल ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया. शिविर संयोजक किशोर गोयल, नितिन अग्रवाल एवं तृप्ति गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में समाज बंधुओं को मोटापा एवं मधुमेह से मुक्त बनाने के पवित्र उद्देश्य से श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में गत 21-22 फरवरी से यह अभियान हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन की डॉ. विनिता कोठारी एवं डॉ. अरुण अग्रवाल की टीम द्वारा चलाया जा रहा है. अब तक शहर में 5 बड़े शिविरों का आयोजन हो चुका है जिनमें करीब 5600 समाज बंधुओं ने आकर 32 तरह की निशुल्क जांचों का लाभ उठाकर मधुमेह एवं मोटापे से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ने का सार्थक प्रयास किया है. छठें शिविर में भी शनिवार को 560 लोगों ने पहुंचकर मधुमेह, मोटापा, थायराइड, किडनी, लीवर, हृदय एवं रक्तचाप से जुडी 32 जांचें कराईं.

# अक्षय तृतीया पर रही शादियों की धूम, सैकड़ों जोड़े विवाह बंधन में बंधे

- मंत्री एवं विधायक ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत 22 नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया

**इंदौर. अक्षय तृतीया पर शहर में शादियों की धूम रही. अबूझ मुहूर्त होने के कारण सैकड़ों जोड़े विवाह बंधन में बंधे. निजी विवाह समारोह के साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया. सामूहिक विवाहों में नवविवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग का सामान भेंट किया गया. उल्लेखनीय है कि यह दिन विवाह के लिए बेहद शुभ माना जाता है, इसलिए बिना किसी विशेष मुहूर्त के विवाह संपन्न होते हैं.**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज जनपद पंचायत इन्दौर के ग्राम पंचायत जामुनिया खूर्द में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शामिल हुए और 22 नवविवाहितों को आशीर्वाद और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया. इस अवसर पर विधायक मधु वर्मा भी उपस्थित थे. इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब, बेसहारा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रहा है.

प्रदेश में गरीब परिवारों को कन्या विवाह में होने वाली कठिनाईयों को दूर किया है. अब गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह में किसी प्रकार की परेशानियां नहीं होगी और उनकी आर्थिक



परेशानियों को दूर किया जायेगा. मंत्री सिलावट ने 22 नवविवाहितों को आशीर्वाद एवं विवाह उपहार सामग्री देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सरकार द्वारा 51 हजार तक की आर्थिक सहायता की जाती है, जो सीधे वधू के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से दी जाती है. गायत्री परिवार द्वारा धार्मिक रीति रिवाज से विवाह का आयोजन कराया जाता है. इस अवसर पर पूर्व विधायक जीतू जिराती, जनपद पंचायत अध्यक्ष विश्वजीतसिंह सिसौदिया, वरिष्ठ समाजसेवी देवराज परिहार, रवि रावलिया, धर्मेंद्र वर्मा, रामस्वरूप गहलोत, धनश्याम पाटीदार, महेन्द्र ठाकुर, सरपंच सतीश यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंका टैगोर सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.

## लोधी समाज के सामूहिक विवाह में गूंजे शुभमंत्र



चिमनबाग मैदान में लोधी समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य और भावनात्मक वातावरण में आयोजित किया गया. सजे-धजे मंच, रंग-बिरंगी सजावट और पारंपरिक संगीत के बीच कई जोड़ों का विवाह एक साथ संपन्न हुआ, जिससे पूरा परिसर उत्सव में बदल गया. दूल्हा-दुल्हन पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक नजर आए, वहीं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में विधिपूर्वक पूरी की गई. परिजन और समाज के लोग खुशी से झूम उठे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते नजर आए. कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बनते हैं. पूरा माहौल उल्लास, अपनत्व और संस्कारों से भरा रहा, जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया.

## बाणेश्वर कुंड में 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह



इंदौर. बाणेश्वर कुंड मेला ग्राउंड में 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन गरिमामय और भव्य वातावरण में संपन्न हुआ. इस विशेष आयोजन में एक ही मंच पर 21 कन्याओं का विवाह विधि-विधान के साथ कराया गया, जिससे पूरे परिसर में खुशी, उत्साह और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित रहे. उन्होंने नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध और सफल दाम्पत्य जीवन की कामना की. उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह आयोजन समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं. इस आयोजन में बड़ी संख्या में कन्याओं के परिजन, रिश्तेदार और क्षेत्रवासी शामिल हुए. सभी ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं और इस सामाजिक पहल की सराहना की. विवाह समारोह के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया, जिससे सांस्कृतिक मूल्यों की झलक भी देखने को मिली.

# वीकेंड नाइट कॉम्बिंग के दौरान 389 बदमाशों पर पुलिस ने की कार्रवाई

- चारों जोनों में एक साथ 140 से ज्यादा वारंट तामील करवाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने शनिवार रविवार की दरमियानी रात बड़ा अभियान चलाते हुए 389 बदमाशों पर कार्रवाई की और 140 से अधिक वारंट तामील किए. चारों जोन में एक साथ उतरी पुलिस ने रातभर चेकिंग, पेट्रोलिंग और निगरानी कर असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा.**

चारों जोन में एक साथ उतरी पुलिस ने 389 बदमाशों की जांच, वहीं मौके पर ही कार्रवाई करते हुए 140 से ज्यादा वारंट तामील करवाए. इस दौरान पुलिस ने शहरभर में बैरिकेडिंग, वाहनों की जांच भी की. जिसमें पुलिस को 176 नशे में वाहन चलाते वाहन चालक पकड़े. इस दौरान पुलिस ने अवैध हथियार व नशाखोरी पर भी कार्रवाई. जबकि ड्रोन से हॉटस्पॉट क्षेत्रों की निगरानी. शनिवार रविवार की दरमियानी रात चलाए गए इस विशेष अभियान में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल सक्रिय रहा.

अधिकारियों और जवानों ने मिलकर गुंडे बदमाशों, निगरानीशुदा अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की. रातभर पेट्रोलिंग कर ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी गई और आवश्यकतानुसार मौके पर ही कार्रवाई की गई. अभियान के दौरान कुल 389 बदमाशों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई, वहीं कई संदिग्धों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया. विभिन्न मामलों में 140 से



अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें 27 स्थायी, 40 गिरफ्तारी और 73 जमानती वारंट शामिल हैं. शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच की गई.

संदिग्ध वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की गई. इस दौरान 176 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पाए, जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई. पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया. इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते तीन लोगों और गांजा सेवन करते एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया. अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद से हॉटस्पॉट और शैडो एरिया की निगरानी की गई. साथ ही निगरानीशुदा बदमाशों के डोजियर अपडेट कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक शहर में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे.

# दो इलाकों में हुई चाकूबाजी, शादी में विवाद और आपसी झगड़े में दो युवक घायल



**इंदौर. शहर के चंदननगर और मल्हारगंज थाना क्षेत्रों में अलग अलग घटनाओं में दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया. दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है. एक मामला शादी समारोह में नाचने को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है, जबकि दूसरा आपसी रंजिश का बताया जा रहा है.**

चंदननगर क्षेत्र के सिरपुर काकड़ में एक शादी समारोह के दौरान नाचने की बात को लेकर विवाद हो गया. इसी दौरान 18 वर्षीय कृष्णा मेहता पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. वहीं मल्हारगंज क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. इंदिरा नगर में रहने वाले 29 वर्षीय गुलशन को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है. बताया जा रहा है कि उसी क्षेत्र के कुछ लोगों ने उस पर हमला किया. पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है. दोनों मामलों में पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी.

# बेटे के सामने पिता की हत्या

- भागते समय किए आरोपियों ने चाकू से वार

**इंदौर.** खातीपुरा क्षेत्र में एक युवक की उसके आठ साल के बेटे के सामने आरोपियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. युवक जान बचाकर भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन आरोपियों ने दौड़ रहे युवक पर चाकू से वार किए और लहूलुहान युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार युवक सुरेंद्र साहू अपने साढू की शादी की सालगिरह की पार्टी में शामिल होने आया था. वहां उसका आरोपी विवेक व उसके साथियों के साथ विवाद हो गया. तब सुरेंद्र का आठ साल का बेटा बाहर बाइक पर ही बैठा था। उसने देखा कि पिता के पीछे पांच-छह युवक चाकू लेकर दौड़ रहे हैं. सुरेंद्र जान बचाने के लिए भागता दिखा. इस बीच पीछे भाग रहे युवकों ने चाकू से हमला शुरू कर दिया. सुरेंद्र की पीठ और पेट पर चाकू के दो-तीन वार किए गए. कुछ देर बाद सुरेंद्र सड़क पर गिर पड़ा और गहरे घाव के कारण तड़पने लगा. इस बीच उसका साढू दीपक भी मौके पर आया. रिश्तेदारों ने सुरेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक चाकू के जख्मों के कारण खून ज्यादा बह चुका था और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने पर हीरानगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया. पुलिस को लोगों ने बताया कि किसी मामूली विवाद में आरोपियों ने सुरेंद्र की हत्या की. दोनों की कोई पुरानी रंजिश नहीं थी। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं. पुलिस उनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खोज रही है.

# संघ ने हिंदू समाज के संगठन का कार्य किया

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगोष्ठी

**इंदौर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा वर्ष पर्यंत समाज से सीधे संपर्क व संवाद के कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है.**

महानगर के विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन संघ की नगर रचना तथा महानगर की श्रेणियों के अनुसार किया जा रहा है..

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक तथा प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंदकुमार ने शोधार्थी, वैज्ञानिक तथा सीए-सीएस-आर्किटेक्ट श्रेणी के प्रमुख जनों के साथ विभिन्न आयोजनों में संवाद किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा का वर्णन किया. आपने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी भारत



का समाज असंगठित तथा निस्तेज था. अत: भारतीय समाज को एकत्व के भाव से संगठित करना तथा अपनी संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करना संघ का उद्देश्य रहा. अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख भारत भूषण ने युवा उद्यमी व मातृशक्ति की प्रमुख जन गोष्ठियों को संबोधित किया. युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए भारत भूषण ने बताया कि कठोर परिश्रम करके डॉक्टर हेडगेवार ने संघ के कार्य को पूरे देश में पहुंचाया. संघ की शाखा से निकले स्वयं सेवकों ने संपूर्ण देश में हिंदू समाज के संगठन का कार्य किया. साथ ही समाज के अलग अलग क्षेत्रों में भारत के विचार पर आधारित संगठनों की रचना स्वयंसेवकों ने की.

## एकता ही समाज की समस्याओं का हल

इसी प्रकार क्रीड़ा एवं व्यापारिक संगठनों की प्रमुख जन गोष्ठियों में उपस्थित समाज जनों से प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय सह संयोजक दीपक शर्मा ने संवाद किया. आपने कहा कि समाज की समस्याओं का हल एकता एवं सामुहिक प्रयासों से सरलता से संभव होता है. इसी प्रकार से संघ की नगर-खण्ड रचना के अनुसार 59 स्थानों पर प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन तय हुआ है जिसमें 35 स्थानों पर गोष्ठियां सम्पन्न हुई हैं तथा शेष आगामी सप्ताह में होंगी.

**एक नजर में** | इस्कॉन मंदिर परिसर जयघोष से गुंजायमान बना रहा -पालकी यात्रा भी निकाली गई

# राधा गोविंद और राम दरबार का नौका विहार देखने उमड़े श्रद्धालु

**इंदौर. निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर पर रविवार शाम भगवान राधा गोविंद एवं राम दरबार ने कमल के पुष्प जैसी आकृति वाली नौकाओं में विराजित हो कर मंदिर परिसर स्थित कुंड में नौका विहार किया एवं अपने भक्तों को दर्शन दिए. सैकड़ों भक्तों ने आह्लादित हो कर इस मनोहारी लीला के दर्शन किए इसके पूर्व मंदिर परिसर में पालकीयात्रा भी निकाली गई. इस दौरान समूचा परिसर राधा गोविंद और सीता-राम के जयघोष से गुंजायमान बना रहा.**

इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष एवं इस्कॉन इंडिया के वाइस चेयरमैन स्वामी महामनदास प्रभु के सानिध्य में इस महोत्सव की विशेष तैयारियां की गई थी। दोनों नौकाओं को अनेक किस्म के फूलों और सुगंधित द्रव्यों से श्रृंगारित-



सुरभित किया गया था. इस अवसर पर इस्कॉन परिवार के संतों गिरधर गोपाल दास प्रभु, कृष्णार्चन प्रभु, अच्युत गोपाल प्रभु, विशाल प्रभु, जगतजीवन प्रभु, दामोदरदास प्रभु, समर्पितदास प्रभु, केशवदास प्रभु, लक्ष्मण दास, अद्रिधरण प्रभु, भक्त वत्सल दास आदि ने सभी मेहमानों की अगवानी की. भक्त मंडल के हरि अग्रवाल, शैलेंद्र मित्तल, अशोक गोयल, किशोर गोयल, विनय जैन, मुरली धामानी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने नौका पूजन कर रहे स्वामी महामन दास एवं इस्कॉन परिवार के संतों का स्वागत किया.



## भक्तों का उत्साह रहा चरम पर

पवित्र नौकाओं को मां नर्मदा एवं सप्त सरोवर के जल में प्रवाहित करते ही भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच गया था। समूचा परिसर श्रील प्रभुपाद, राधा गोविंद एवं राम दरबार के जय घोष तथा हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन से गुंजायमानहोता रहा. प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ. उल्लेखनीय है कि बैसाख माह में जगन्नाथ पुरी में भी भगवान को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सप्त सरोवर में स्नान करने की परंपरा है. अक्षय तृतीया के अवसर पर पिछले दो वर्षों से इस्कॉन मंदिर में भी नौका विहार की यह परंपरा शुरू की गई है.